हिन्दी व छत्तीसगढ़ी साहित्य छात्र परिषद, हिन्दी विभाग

सांस्कृतिक कार्यक्रम 11 दिसम्बर 2023

शिक्षा के साथ–साथ साहित्य, खेल, संगीत आदि विविध क्षेत्रों में भी छात्रों की कला को उजागर करना और उसे प्रोत्साहित करते हुए एक मंच प्रदान करना शिक्षकों का कर्त्तव्य होना चाहिए। इस कड़ी में कोरोना काल के बाद से महाविद्यालयीन छात्रों की सुसुप्त सांस्कृतिक कला को महात्मा गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरसिया के हिन्दी भाषा साहित्य परिषद और छत्तीसगढ़ी भाषा साहित्य परिषद के छात्रों ने दिनांक 11 दिसम्बर 2023 को बेहतरीन मंच प्रदान किया। हिन्दी विभाग के इस आयोजन की शुरूआत हिन्दी भाषा परिषद के पदाधिकारी छात्र रोहित चन्द्रा, कविता चन्द्रा, अमनराज, छत्तीसगढ़ी भाषा परिषद के छात्र पदाधिकारी लीलाधर राठिया, राजेश्वरी, बुबुन घृतलहरे, देवलता साहू ने संगीत की देवी माँ शारदे की पूजा से की। हिन्दी परिषद की सदस्य छात्रा सुनिता मिरी ने राज्य गीत की प्रस्तुति दी। मंचासीन प्राध्यापक डॉ0 आर के टण्डन, डी के संजय, कुसुम चौहान के स्वागत उपरान्त पूरी सादगी व भव्यता के साथ गीत व नृत्य कला की सांस्कृतिक छटा देखने को मिली। प्रो0 कुसुम चौहान के मंच संचालन व छाया डनसेना, कविता चन्द्रा के संचालन सहयोग में आरती बैरागी, निखिलदास महंत, कुसुम पटैल, कविता चन्द्रा, श्रद्धा द्विवेदी, रविशंकर पाण्डेय ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति पर आधारित व देशभक्ति पर मधुर लय में गीत की प्रस्तुति दी। पिंकी वारे, कुसुम यादव, शकुनतला राठिया, हंसा साहू, पिंकी साहू, रेणु पटेल, देविका राठिया, अम्बिका राठिया, गणेशी राठिया, रूखमणी राठिया, हेमलता बैगा, अमनराज, रजनी महंत, रोशन राठिया ने छत्तीसगढ़ी लोक गीत व अन्य गीतों पर शानदार नृत्य कला की प्रस्तुति देकर सैंकड़ों दर्शक छात्रों से खुब प्रशंसा पायीं। आभार छात्रा छाया डनसेना ने किया।

हिन्दी भाषा साहित्य परिषद के पदाधिकारी छात्र रोहित चन्द्रा, कविता चन्द्रा, अमनराज, सदस्य छाया डनसेना, सुनिता मिरी, जयप्रकाश, चम्पा सिदार तथा छत्तीसगढ़ी भाषा साहित्य परिषद के छात्र पदाधिकारी लीलाधर राठिया, राजेश्वरी, बुबुन घृतलहरे, देवलता साहू, सदस्य अनिषा घृतलहरे, भूपेन्द्र राठिया, पंकज डनसेना, राजेश साहू, पिंकी साहू, श्रेया सागर, लकेश्वरी वैष्णव, डिगेश्वरी दर्शन के द्वारा आयोजित इस गीत–नृत्य कार्यक्रम में हिन्दी विभाग के अन्य छात्रों हेमलता सिदार, द्रौपती राठिया, गिरजा राठिया, संतोषी राठिया, चन्द्रकान्ति, दीक्षा जायसवाल, पायल जायसवाल, अन्नपूर्णा जायसवाल, मीना बंजारा, बिंदियारानी, मनीषा डनसेना, भावना निषाद, गीता चन्द्रा आदि ने भी भरपूर सहयोग किया। विभागाध्यक्ष हिन्दी डॉ0 रमेश टण्डन, प्रो0 डी के संजय, प्रो0 कुसुम चौहान, यू एस टोण्डे व जी डी महंत ने इस शानदार आयोजन के लिए दोनों परिषद के छात्रों को बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया और कहा कि छात्रों के

सर्वांगीण और चहुँमुखी विकास के लिए ऐसे ही विविध कार्यक्रमों का आयोजन समय–समय पर होते रहना चाहिए।